## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.12.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि ए.आई., स्वचालन, जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल संपर्क जीवन के हर पहलू को नया आकार दे रही है।
- भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा कि एंटीबायोटिक्स का उपयोग डॉक्टर की सलाह पर ही किया जाना चाहिए।
- शिक्षा निदेशालय द्वारा आज इंस्पायर–मानक योजना के तहत जिला एवं राज्य स्तरीय प्रदर्शनी और परियोजना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

और

- द्वीप समूह में पहली जनवरी, 2026 से न्यूनतम मजदूरी की दरों में संशोधन किया गया है।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि ए.आई., स्वचालन, जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल संपर्क जीवन के हर पहलू को नया आकार दे रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को प्रौद्योगिकी के प्रति उत्साह और नैतिक सतर्कता दोनों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने युवा स्नातकों को आगाह किया कि डिजिटल उपकरण, उत्पादकता और संपर्क को बढ़ा सकते हैं, लेकिन उन्हें गहन चिंतन और समाज के साथ सार्थक जुड़ाव की क्षमता को कम करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पांडिचेरी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सी.पी. राधाकृष्णन विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। श्री राधाकृष्णन ने अपने संबोधन में स्नातकों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के राजदूत बनने तथा इसके जिज्ञासा, नवाचार और समावेशी उत्कृष्टता की भावना को आगे बढ़ाने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में रोगाणुरोधी प्रतिरोध का मुद्दा उठाने पर, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा कि एंटीबायोटिक्स का उपयोग केवल आवश्यकता पड़ने पर और डॉक्टर की सलाह पर ही किया जाना चाहिए। आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री बहल ने कहा कि निमोनिया जैसे संक्रमणों के लिए एंटीबायोटिक्स का ज्यादा प्रयोग से वे

कम प्रभावी हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि कई राज्यों ने यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं कि एंटीबायोटिक्स केवल डॉक्टर की सलाह पर ही दी जाएं। कल आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि एंटीबायोटिक्स का सेवन अंधाधुंध नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एंटीबायोटिक्स का उपयोग केवल डॉक्टर की सलाह पर ही किया जाना चाहिए और सभी से आग्रह किया कि वे अपनी मर्जी से दवाओं का उपयोग न करें।

<><><><><><>

रक्षा खरीद परिषद–डीएसी ने सशस्त्र बलों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए उनासी हजार करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। आज नई दिल्ली में परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं से जुडे इन प्रस्तावों के लिए आवश्यकता स्वीकृति प्रदान की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भारतीय सेना के तोपखाना रेजिमेंटों के लिए लॉयटर म्यूनिशन सिस्टम, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए लो लेवल लाइट वेट रडार, लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट गोला बारूद और इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम एमके–II सहित विभिन्न रक्षा प्रणालियों की खरीद की मंजूरी दी गई है। लॉयटर म्यूनिशन का उपयोग सामरिक लक्ष्यों पर सटीक हमले के लिए किया जाएगा, जबकि लो लेवल लाइट वेट रडार छोटे आकार के, कम ऊंचाई पर उड़ने वाले मानवरहित विमानों का पता लगाने और उन पर नजर रखने में सक्षम होंगे। भारतीय वायु सेना के लिए, हवाई क्षेत्र में मौजूद सुरक्षा कमियों को दूर करने के लिए स्वचालित टेक–ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम–एओएन की खरीद को मंजूरी दी गई है। यह प्रणाली हर मौसम में विमानों की लैंडिंग और टेक–ऑफ की स्वचालित रिकॉर्डिंग की सुविधा प्रदान करेगी।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय की विज्ञान शाखा द्वारा आज इंस्पायर–मानक योजना के तहत जिला एवं राज्य स्तरीय प्रदर्शनी और परियोजना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, के सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर शिक्षा निदेशालय के कार्यालय प्रमुख ज्ञान शील दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, कि "इंस्पायर–मानक केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय मंच है। इसके जरिए हमारे दूर–दराज के क्षेत्रों के छात्र अपने स्थानीय और जरूरत पर आधारित तकनीकी समाधानों को देश के सामने रख सकते हैं।" इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मलक्का और विजय नगर के छात्रों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। प्रतियोगिता में पी.एम. श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हट बे की अवनिता ए ने अपनी 'मैनुअल रोप मेकिंग मशीन' के लिए पहला स्थान प्राप्त किया। राजकीय माध्यमिक

विद्यालय, नील पांच की वर्षा बिस्वास को उनके 'ऑटोमैटिक इँडेलिबल इंक अप्लायर' के लिए दूसरा स्थान जबकि राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीता नगर की शालिनी को 'रिमोट कंट्रोल ट्यूबलाइट इंस्टॉलेशन मैकेनिज्म' के लिए तीसरा स्थान हासिल हुआ। चयनित शीर्ष 5 नवाचारों को अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए नामांकित किया गया है। इस प्रतियोगिता में कुल सत्रह बाल वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया।

<><><><><><><>

द्वीप समूह में पहली जनवरी, 2026 से 'न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948' के प्रावधानों के तहत न्यूनतम मजदूरी की दरों में संशोधन किया गया है। नई दरों के अनुसार अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी छह सौ बावन रूपए प्रतिदिन, अर्ध–कुशल एवं अकुशल श्रमिकों के लिए सात सौ तैंतीस रूपए प्रतिदिन, कुशल एवं लिपिकीय कर्मचारियों के लिए आठ सौ छप्पन रूपए प्रतिदिन जबकि अति कुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी नौ सौ उनतालीस रूपए प्रतिदिन निर्धारित की गई है। प्रशासन ने सभी नियोक्ताओं से संशोधित मजदूरी दरों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। संशोधित मजदूरी दरों की प्रति श्रम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए डिप्लोमा कार्यक्रम में अतिथि प्रवक्ताओं की भर्ती की जाएगी। साक्षात्कार सात जनवरी को संस्थान में लिया जाएगा। शैक्षणिक योग्यता, साक्षात्कार की समय–सारणी और डेमो के विषयों की जानकारी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने दस्तावेजों की प्रतिलिपि जमा करनी होगी। उम्मीदवारों को सत्यापन के लिए अपने मूल दस्तावेज साथ लाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र द्वीप पर्यटन महोत्सव–2025 में भाग ले रहा है और स्टॉल नंबर पच्चीस पर छात्रों और आम लोगों के लिए उपलब्ध रहेगा। कोई भी पंजीकृत या नए छात्र स्टॉल पर जाकर सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा, बैचलर, मास्टर्स कोर्स जैसे कला, विज्ञान, मानविकी, कॉमर्स, पत्रकारिता और जन संचार, कंप्यूटर और सूचना विज्ञान, कृषि, एक्सटेंशन और डेवलपमेंट स्टडीज, अनुवाद अध्ययन, स्वास्थ्य विज्ञान, भारतीय और विदेशी भाषाओं के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

जनवरी दो हजार छब्बीस सत्र के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 31 जनवरी 2026 है। अधिक जानकारी के लिए, IGNOU के क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क कर सकते है।

**<><><><><><><>**

प्रशासनिक कारणों से कल शाम चार बजे नेताजी स्टेडियम के बास्केटबॉल कोर्ट में आयोजित होने वाली "पुरुषों और महिलाओं के लिए थ्री इन्टू थ्री ओपन बास्केटबॉल चैंपियनशिप" को स्थगित कर दिया गया है। इस प्रतियोगिता की नई तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी।

**<><><><><><><>**

भारतीय सेना की माउंटेन ब्रिगेड द्वारा चिन्थे फायरिंग रेंज में कल शाम साढ़े  पांच बजे से साढ़े सात बजे तक नाइट फायरिंग अभ्यास किया जाएगा।

**<><><><><><><>**